सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 30 नवम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित परेड में शामिल स्वयंसेवकों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में वर्ष 2022 एवं 2023 में कर्तव्य पथ, दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवक प्रेम सिंह बोरा, निधि बंशीधर, तनुजा खाती और रितिक कुमार टम्टा, 2023 में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवक बबीता जोशी, बीना, आलोक कुमार पांडे और गौरव बिष्ट मौजूद रहे। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2021—22 में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने वाली कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू बिष्ट भी शामिल रहीं। राज्यपाल ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. रेनू बिष्ट को बधाई दी और स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उनके प्रयासों की सराहना की।

राज्यपाल ने स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बेहद गर्व का क्षण हैं कि उत्तराखण्ड के स्वयंसेवकों को कर्तव्य पथ पर परेड का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि 60 लाख स्वयंसेवकों में परेड के लिए चुना जाना अपने आप में सम्मान की बात है। आप सभी लोगों से अन्य युवा भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को शिक्षण कार्यों के साथ—साथ सामुदायिक सेवा गतिविधियों में प्रतिभाग करने के समुचित अवसर प्रदान कर उनके व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एनएसएस और एनसीसी जैसे संगठन युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय लक्ष्यों और राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वॉलेंटियरों को इस संगठन का हिस्सा बनाने के प्रयास किए जाएं और इसके उद्देश्यों के बारे में अधिकाधिक प्रचार—प्रसार किया जाय। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय ए. एस. कबीर, युवा कल्याण अधिकारी समीर दीप सक्सेना, राज्य एनएसएस अधिकारी अजय कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

..........0...........